टीसीएस आईटी क्विज इंदौर एडिशन 29 अगस्त को

इंदौर, : आईटी सेवाओं, परामर्श और बिजनेस सॉल्यूशंस के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस), ने अ घोषणा की कि स्कूली स्तर पर होने वाले देश के सबसे बड़ा टेक्नोलॉजी क्विज फ्टीसीएस आईटी विज-2017फ्र के अहमदाबाद एडिशन का आयोजन 29 अगस्त को इंदौर में किया जाएगा।

यह आयोजन खंडवा रोड स्थित देवी अहिल्या विश्वविद्यालय कैम्पस में, आईआईपीएस के समीप स्थित यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में होगा।

इस क्विज के आयोजन में कक्षा 8-12 तक में पढ़ने वाले सभी स्कूली छात्रों को भाग लेने की पात्रता होगी। टीसीएस आईटी विज 2017 का आयोजन देशभर में 12 विभिन्न स्थानों पर किया जाएगा, जिनमें अहमदाबाद, बैंगलोर, भुवनेश्वर, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, इंदौर, कोच्चि, कोलकाता, मुंबई, नागपुर तथा पुणे शामिल हैं।

क्विज का हिस्सा बनने के इच्छुक संस्थानों को अपनी इंट्रीज 26 अगस्त या उससे पूर्व इस पते पर भेजनी होगी- सोनू शाह, टीसीएस आईटी विज कोऑर्डिनेटर, मैचबॉक्स, ए-21, वसंत विहार, एसबीआई के पीछे, सत्य साई स्कूल चौराहे के समीप, ए.बी. रोड, इंदौर-452010, मध्य प्रदेश। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें- 9302597019। प्रारंभिक लिखित दौर की टॉप सिक्स टीमें रीजनल्स फइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। एक ही स्कूल, से एक से अधिक टीमों के फइनल में पहुंचने की स्थिति में प्रत्येक स्कूल से सबसे ज्यादा स्कोर करने वाली एक टीम को ही मंच पर आमंत्रित किया जाएगा। रीजनल स्तर पर फइनल में जीतने वाली टीम दिसंबर में मुम्बई में होने वाले ÷नेशनल फइनल÷ इवेंट में भाग लेगी। रीजनल स्तर पर विजेता टीम एक टीचर या मार्गदर्शक सहित हवाई जहाज द्वारा मुंबई प्रस्थान करेगी।